**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**24.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे**

**'आज के मुख्य समाचार''**

- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व मैदानी क्षेत्रों में बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त, बागवानों और किसानों के चेहरे खिले ।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आवश्यक सेवाओं को सुचारू बनाऐ रखने के दिए निर्देश।
- राज्य सरकार ने 2012 बैंच के 6 आई.पी.एस. अधिकारियों को किया पदोन्नत।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 25 जनवरी को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।

**मौसम**

प्रदेश में करीब तीन महीने के लम्बे सूखे के बाद हुई भारी बर्फबारी और बारिश ने एक ओर जहां किसानों, बागवानों और पर्यटकों के चेहरे पर खुशी ला दी है। वहीं लोगों की दुष्वारियां भी बढ़ी है। भारी बर्फबारी और ख़राब मौसम के कारण प्रदेश में परिहन निगम के करीब 8 सौ रूट बंद पड़े हैं और 2 सौ 50 से अधिक बसें फंसी पड़ी हैं। राज्य में लगभग साढ़े 10 हजार बिजली ट्रांसफार्मर ठप्प पड़े हैं, जिससे बीती कल से ग्रामीण इलाकों के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में भी अंधेरा छाया रहा। सबसे अधिक असर शिमला, कुल्लू, मंडी, किन्नौर, चम्बा और लाहौल स्पीति जिलों में देखा गया। राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के अध्यक्ष प्रबोध सक्सेना ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फिल्ड अधिकारियों के साथ बैठक की और प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर बहाली कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर बिजली आपूर्ति बहाल की जाए।

बोर्ड के प्रवक्ता अनुराग पराशर ने बताया कि दुर्गम व ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फ की मोटी परत के कारण मरम्मत कार्य में दिक्कत आ रही है। लेकिन इसके बावजूद भी कर्मचारी मौके पर डटे हुए है।

कुल्लू से हमारे संवाददाता के मुताबिक बीती रात तक जिले की ऊंची चोटियों पर हिमपात व जिले के निचले इलाकों में बारिश होती रही। बर्फबारी और खराब मौसम को देखते हुए जिला उपायुक्त के आदेश के बाद मनाली व बंजार उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थानों को आज बंद रखने के आदेश जारी किए गए है।

लाहौल में अभी भी मौसम खराब है और अब तक 2 फुट से अधिक बर्फबारी हो चुकी है। कांगड़ा जिला की धौलाधार पर्वत श्रेणी की उंची पहाड़ियों पर हिमपात हो रहा है जबकि निचले क्षेत्रों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है।

जिला चम्बा में कल रात तक हो रहे हिमपात और बारिश के बाद आज मौसम भले ही कुछ थमा है। लेकिन प्रचंड शीतलहर का प्रकोप जारी है। जनजातीय पांगी घाटी में करीब डेढ़ फुट तक हिमपात हुआ है। पंगवाल एकता मंच के अध्यक्ष ने इस बारिश व बर्फबारी को किसानों व बागवानों के लिए संजीवनी बताया है। उन्होंने पांगी घाटी के लोगों से घरों में सुरक्षित रहने की अपील की है।

***इस सीजन का पहला हिमपात हो रहा है काफी लम्बे अरसे के बाद घाटी में अक्तूबर में कोई बरिश नहीं हुई अभी तक 6 इंच बर्फबारी पड़ चुकी है। यह बर्फबारी होनी बहुत जरूरी था पांगी घाटी में हिमपात होने से पानी के स्त्रोत बढ़ जाते है बाकि आज घाटी में बसें शायद न चले।***

इधर राजधानी शिमला में भी नगर निगम शिमला ने सड़कों से बर्फ हटाने के लिए रोबोट, जे.सी.बी और मजदूर लगाएं है ताकि लोगों को चलने फिरने में दिक्कतें न आए। खासतौर पर अस्पतालों को जोड़ती सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर सुचारू किया जा रहा है। आकाशवाणी से बात करते हुए शिमला नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बताया कि नगर निगम आज दोपहर तक महत्वपूर्ण सड़क मार्गों को सुचारू कर देगा।

***नगर निगम शिमला की जो सड़कों खासकर जो कार्ट रोड से उपर की सडकें है वह नगर निगम के पास है हमने पिछले कल से जब बर्फबारी भी चार रोबोट और जेसीबी व 75 मजदूरों के साथ–साथ बर्फबारी को हटाने का कार्य कर रहे थे तो हमारा पहला फॉक्स था जो आईजीएमसी,केएच के साथ एवं मलयाणा में भी हमने एक जेसीबी लगा रखी थी तो जितनी भी हमोर रोड है उसमें देर रात तक काम चलाता रहा और आज सुबह से ही हमारे जो जेबीसी रोबोट व मजदूर है वह कार्य पर लग चुके है हमारा टारगेट है कि आज दोपहर तक हम सभी सड़कों को बहाल कर देंगे।***

**प्रधानमंत्री–मन की बात.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बर्फबारी के दृष्टिगत जनजीवन को सामान्य बनाए रखने के लिए प्रशासन को जरूरी दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने बर्फबारी के चलते कुछ क्षेत्रों में प्रभावित आवश्यक सेवाओं को तुरंत बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों और अन्य जरूरी जन सेवाओं को प्रदान करने वाले संस्थानो के मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर यातायात के लिए बहाल किया जाए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में बिद्युत और जल आपूर्ति योजनाओं को सुचारू बनाएं रखने के लिए भी जरूरी दिशा–निर्देश दिए।

**पदोन्नती**

प्रदेश सरकार ने 2012 बैंच के 6 आईपीएस अधिकारियों को पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नती प्रदान की है। यह पदोन्नती राज्य सरकार की सक्रीन कमेटी की सिफारिशों के आधार पर की गई है। इस संबंध में गृह विभाग की और से अधिसूचना जारी कर दी गई है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत आईपीएस अधिकारी शालिनी अग्निहोत्री को प्रोफार्मा आधार पर डी.आई.जी पद पर पदोन्नत किया गया है, जब कि शेष पांच अधिकारियों को नियमित आधार पर पदोन्नती दी गई हैं। इनमें पुलिस अधीक्षक रोहित मालपानी, खुशाल चंद शर्मा, संजीव कुमार गांधी डॉक्टर रमेश चंद्र छाजटा और डॉक्टर दिवाकर शर्मा शामिल है।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश अंतर–राज्य युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उस दूरदर्शी सोच का जीवंत उदाहरण है, जिसमें देश का युवा राष्ट्र निर्माण का सहभागी है। वे युवा भारत मंडी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सिकंदर कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के युवाओं को आपसी सांस्कृति आदान प्रदान के माध्यम से जोड़ना, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना और एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना को धरातल पर उतारना है।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सह–पाठ्य गतिविधियों को महत्व देने पर बल दिया है। वे कल शिमला में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रतिभाशाली युवा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने आगामी सत्र से विद्यालयों में बागवानी और वानिकी को वैकल्पिक विषय के रूप में शुरू करने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए।

## ''अंत में मुख्य समाचार''

- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व मैदानी क्षेत्रों में बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त, बागवानों और किसानों के चेहरे खिले ।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आवश्यक सेवाओं को सुचारू बनाऐ रखने के दिए निर्देश।
- राज्य सरकार ने 2012 बैंच के 6 आई.पी.एस. अधिकारियों को किया पदोन्नत।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 25 जनवरी को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।

————————